दैनिक भास्कर 26/02/2023

# पीपीटी में विशाल व हिमांशु रहे प्रथम



**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज में वाणिज्य विभाग की ओर से पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में बीकॉम व एमकॉम के 20 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। आयोजक प्रो. पिंकी गुप्ता और प्रो. रीत कौर रहीं। डॉ. अनुराधा और डॉ. सुमन निर्णायक मंडल में रहीं। प्रतियोगिता में विशाल व हिमांशु ने पहला स्थान, हर्षिता तथा महकदीप ने दूसरा, दिव्य व नंदिनी ने तीसरा स्थान और तमन्ना व सिमरजीत ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की। इस दौरान वाणिज्य विभाग के प्रो. राममूर्ति, प्रो. सुरेंद्र तथा प्रो. रमनीत कौर उपस्थित रहे।